हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 1 दिसंबर 2025

06 8990 हेक्टेयर में होनी है रबी फसल की बोवनी ...



08 ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संगठन की नगर इकाई...





## खबर संक्षेप

### सीहोर में रोजगार मेला 9 दिसंबर को

**सीहोर।** युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 09 दिसंबर 2025 को प्रातः 11 बजे सीहोर स्थित प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में रोजगार-स्वरोजगार एवं अप्रेन्टिसशिप मेला आयोजित किया जाएगा। इस रोजगार मेले में रोजगार विभाग द्वारा स्थानीय, प्रदेश एवं अन्य राज्यों की कंपनियों को आमंत्रित कर युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। इसी प्रकार जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा स्वरोजगार विभागों के स्वरोजगार प्राप्त हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा तथा नये प्रकरण तैयार किये जायेगे। इसके साथ ही शासकीय आईटीआई द्वारा अप्रेंटिसशिप के लिये आवेदकों को चयनित किया जायेगा। इच्छुक आवेदक अपने मूल दस्तावेजों के साथ रोजगार मेले में उपस्थित हो सकते हैं।

### गीता का सामूहिक पाठ आज

**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरु के. के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती के अवसर पर 1 दिसंबर को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 तक सीहोर स्थित शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान में सामूहिक समवेत गीता स्वाध्याय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही जिले के सभी स्कूल कॉलेजों में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### 14 फरवरी को प्रकाशित होगी अंतिम मतदाता सूची

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम में संशोधन करते हुए सभी चरणों की समय-सीमा बढ़ा दी गई है। आयोग द्वारा जारी नवीन एसआईआर कार्यक्रम के अनुसार घर-घर गणना पत्रक एवं सत्यापन का कार्य अब 11 दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाएगा। इसके बाद प्रारूप मतदाता सूची 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित की जाएगी, जिसके बाद 16 दिसंबर 2025 से 15 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियाँ स्वीकार की जाएँगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार दावे और आपत्तियों पर सुनवाई, सत्यापन, प्रपत्रों की जांच तथा निर्णय प्रक्रिया निर्वाचन रजिस्ट्रेशन अधिकारियों (EROs) द्वारा 16 दिसंबर 2025 से 7 फरवरी 2026 तक निरंतर रूप से की जाएगी। संशोधित कार्यक्रम अनुसार जाँच और अंतिम प्रकाशन की अनुमति के लिए आयोग को भेजे जाने वाले प्रस्ताव की समय-सीमा 10 फरवरी निर्धारित की गई है। इसके बाद अंतिम मतदाता सूची 14 फरवरी 2026 को प्रकाशित की जाएगी।

### वीआईटी मामला: दूषित पानी से छात्रा की मौत, 11 इमारतें अवैध, निकाय के नोटिस बेअसर

# पानी के 18 में से 4 सैंपल में मिला बैक्टीरिया, खाने के सैंपल की रिपोर्ट आने के बाद होगी कार्रवाई!

मृत छात्रा नेहा के पिता सुनील साहुकार का भावुक ईमेल यूनिवर्सिटी प्रबंधन की घोर लापरवाही की गवाही देता है। पिता के मेले के मुताबिक घटिया भोजन, गंदे पानी और नगण्य मेडिकल सुविधाओं के कारण नेहा की सेहत बिगड़ी।





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कोठरी स्थित वीआईटी यूनिवर्सिटी का मामला अब सिर्फ एक छात्रा की मौत और छात्रों के हंगामे तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह संस्थान के अवैध संचालन और स्थानीय प्रशासन की अनदेखी का जीता-जागता उदाहरण बन गया है।

19 वर्षीय छात्रा नेहा साहुकार की मौत के बाद हुए खुलासों ने साफ कर दिया है कि वीआईटी प्रबंधन ने सरकारी नोटिसों को 'रद्दी' का टुकड़ा समझा, छात्रों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया और नियमों की धज्जियां उड़ाकर विशाल कैंपस खड़ा कर दिया।

मृत छात्रा नेहा के पिता सुनील साहुकार का भावुक ईमेल यूनिवर्सिटी प्रबंधन की घोर लापरवाही की गवाही देता है। पिता के मेले के मुताबिक घटिया भोजन, गंदे पानी और नगण्य मेडिकल सुविधाओं के कारण नेहा की सेहत बिगड़ी। पिता के अनुसार डॉक्टरों ने पुष्टि की कि विटामिन की भारी कमी और खराब पोषण के कारण उसे गंभीर टीबी हुई, जो अंततः सेप्टिक शॉक और मल्टी ऑर्गन फेल्योर का कारण बनी। उनकी बेटी 10 दिन तक आईसीयू में जिंदगी के लिए लड़ती रही। इस घटना के बाद 4000 छात्रों का आधी रात को हंगामा, तोडफ़ोड़ और आगजनी, कैंपस की अव्यवस्था पर मुहर लगाती है।

#### क्या अब एक्शन लेगा जिला प्रशासन?

प्रश्न यह है कि एक शिक्षा संस्थान, जिसने फायर सुरक्षा से लेकर राजस्व नियमों तक का खुला उल्लंघन किया है, उसे इतनी ढील क्यों दी गई। क्या लाखों के बकाए और स्पष्ट अवैध निर्माणों पर भी जिला प्रशासन मूकदर्शक बना रहेगा।

#### नियम कानूनों से 'ऊपर' संस्थान

नगर परिषद कोठरी के नोटिसों को वीआईटी प्रबंधन ने पूरी तरह नजरअंदाज किया। परिषद ने तीन बार नोटिस जारी कर बताया कि कैंपस के 11 बिल्डिंग ब्लॉक अवैध हैं और उन पर 42.40 लाख का फायर एनओसी शुल्क बकाया है। प्रबंधन ने इन नोटिसों पर कोई ध्यान नहीं दिया।

#### कृषि भूमि पर कॉलेज

राजस्व विभाग ने भी पुष्टि की कि कॉलेज ने कृषि भूमि पर शैक्षणिक गतिविधियां शुरू कर दी हैं और 12.01 लाख का डायवर्जन शुल्क बकाया है।

#### पानी में बैक्टीरिया

पीएचई की जांच में भी कैंपस के पानी में दूषित बैक्टीरिया पाया गया, जिसने सीधे तौर पर छात्रों के स्वास्थ्य को खतरे में डाला।

**आमजनों के मन में एक ही सवाल:** इधर अब आमजनों के मन में एक ही सवाल है कि इतनी लापरवाही उजागर होने के बावजूद भी क्या जिला प्रशासन कार्रवाई कर पाएगा। रिटायर्ड शिक्षाविद् ओमप्रकाश वर्मा कहते हैं कि नियम सभी के लिए एक समान होना चाहिए, जिले में अतिक्रमण या अन्य मामलों पर जिला प्रशासन की ओर से ऐसी सैकड़ों कार्रवाईयां हुई है। जबकि अनिल मालवीय कहते हैं कि जिला प्रशासन का इसी तरह का रवैया रहा तो खास व्यक्ति के लिए आगे भी अवैध कामों के लिए हौंसले ऐसे ही बुलंद होते रहेंगे।

#### वीआईटी यूनिवर्सिटी में अब तक का घटनाक्रम

- 26 नवंबर : छात्रा की मौत के बाद तनाव और हंगामा19 वर्षीय छात्रा नेहा साहुकार की 24 नवंबर को सेप्टिक शॉक (गंभीर टीबी) से मौत होने की खबर सामने आई। छात्रों ने हॉस्टल की अव्यवस्था, घटिया भोजन और खराब मेडिकल सुविधाओं को लेकर भारी विरोध प्रदर्शन शुरू किया।
- 26/27 नवंबर की रात : गुस्साए छात्रों ने कैंपस में जमकर तोड़फ़ोड़ की, वाहनों आग लगा दी और विरोध प्रदर्शन किया। हालात बेकाबू होने पर पुलिस और पैरामिलिट्री फोर्स की तैनाती करनी पड़ी।
- 27 नवंबर : यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने स्थिति को देखते हुए छात्रों को घर भेजने का फैसला किया और 8 दिसंबर तक अवकाश घोषित कर दिया।
- 27/28 नवंबर : पीएचई विभाग ने कैंपस से 18 पानी के सैंपल लिए। खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग ने मेस और फूड जोन से 25 से अधिक खाद्य पदार्थों के सैंपल लिए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अन्य छात्रों के स्वास्थ्य की जांच के लिए ब्लड सैंपल लिए।
- 28 नवंबर : नगर परिषद कोठरी के नोटिसों से सामने आया कि कैंपस की 11 बिल्डिंग ब्लॉक अवैध हैं और उन पर 42 .40 लाख का फायर एनओसी शुल्क बकाया है। राजस्व विभाग की जाँच में खुलासा हुआ कि कॉलेज कृषि भूमि पर संचालित है और 12 .01 लाख का भू.राजस्व शुल्क बकाया है।
- 28 नवंबर : मृत छात्रा नेहा के पिता सुनील साहुकार का कॉलेज प्रबंधन को भेजा गया मेल सामने आया। मेल में उन्होंने बेटी की फीस वापसी की मांग की और प्रबंधन पर खराब भोजन, गंदे पानी और नगण्य सुविधाओं का गंभीर आरोप लगाया, जिससे उसकी जान गई।
- 29 नवंबर : पीएचई विभाग की वाटर टेस्टिंग लैब की रिपोर्ट में खुलासा हुआ कि लिए गए 18 सैंपलों में से 4 फेल हो गए हैं, जिनमें हानिकारक 'ई . कोली' बैक्टीरिया पाया गया। दूषित पानी के कारण 30 से अधिक छात्रों को पीलिया होने की बात भी सामने आई।

# गौहरगंज के दुष्कर्मी सलमान को शाहगंज लाने न्यायालय से 'प्रोडक्शन वारंट' जारी कराएगी पुलिस

### शार्ट एनकाउंटर के बाद भोपाल के हमीदिया अस्पताल में जारी है इलाज



**सीहोर।** रायसेन जिले के गौहरगंज में 6 वर्षीय मासूम से दुष्कर्म के बाद 'शॉर्ट एनकाउंटर' में घायल हुआ आरोपी सलमान का फिलहाल भोपाल के हमीदिया अस्पताल में इलाज जारी है, इधर दूसरी और जिले की शाहगंज थाना पुलिस ने भी उसे लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। दरअसल, आरोपी सलमान शाहगंज थाने का स्थायी वारंटी है, जो अभी गौहरगंज पुलिस की गिरफ्त में है।

शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि गौहरगंज थाना अंतर्गत दुष्कर्म का आरोपी सलमान, बुदनी न्यायालय द्वारा जारी किया गया स्थायी वारंटी भी है। यह वारंट उसके खिलाफ साल 2019 में दर्ज हुए घर में घुसकर मोबाइल चोरी के मामले में जारी किया गया था। टीआई चौहान के अनुसार शाहगंज की नई बस्ती के फरियादी आबिद खां के घर से सैमसंग कंपनी का मोबाइल चुराने का आरोप था। शाहगंज पुलिस ने 28 अप्रैल 2019 को सलमान को गिरफ्तार किया था, लेकिन बुदनी न्यायालय में विचाराधीन इस मामले की सुनवाई में वह लगातार अनुपस्थित रहा। नतीजतन 2023 में बुदनी कोर्ट ने उसे स्थायी वारंटी घोषित कर दिया।

#### हमीदिया में भर्ती है सलमान

बता दें आरोपी सलमान ने 21 नवंबर को मासूम से दुष्कर्म किया था और 6 दिन बाद उसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद भागने और पुलिस पर फायरिंग की कोशिश के चलते जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने उसे पैर में गोली मारकर घायल कर दिया। वर्तमान में सलमान गौहरगंज पुलिस की हिरासत में भोपाल के हमीदिया अस्पताल में भर्ती है।

#### शाहगंज पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

शाहगंज थाना पुलिस अब बुदनी न्यायालय के स्थायी वारंटी सलमान को गौहरगंज पुलिस की हिरासत से लेने की वैधानिक प्रक्रिया में जुट गई है। शाहगंज थाना प्रभारी दिनेश सिंह चौहान ने बताया कि बुदनी न्यायालय को इस बात से अवगत कराएंगे कि स्थायी वारंटी सलमान गौहरगंज पुलिस की गिरफ्त में है। इसके बाद बुदनी न्यायालय से आरोपी को शाहगंज थाने में पेश करने के लिए 'प्रोडक्शन वारंट' जारी होगा। वारंट जारी होने के बाद गौहरगंज थाने को सूचित किया जाएगा और आगे की प्रक्रिया न्यायालयीन आदेशों के अनुसार ही पूरी की जाएगी।

### घर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोपी गिरफ्तार

# गृहस्थी का सामान व गेट जलाया था, एक साल बाद पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



सीहोर की शाहगंज पुलिस ने रविवार को एक वर्ष से फरार आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर एक घर में पेट्रोल डालकर आग लगाने का आरोप था। यह घटना पिछले साल 29 अगस्त को हुई थी। जानकारी के अनुसार, 29 अगस्त 2024 को शाहगंज थाने में एक फरियादिया ने सूचना दी थी कि रात लगभग 2 बजे आरोपी गोलू धोसले ने उसके घर में पेट्रोल डालकर आग लगा दी। इस घटना में घर का मुख्य गेट और अंदर रखा सामान जलकर नष्ट हो गया था, जिससे लगभग 4-5 हजार रुपए का नुकसान हुआ था। पीड़ित की रिपोर्ट पर शाहगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 326 जी के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के बाद से आरोपी गोलू धोसले फरार चल रहा था। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया है।

### कार्यकर्ताओं के साथ विधायक ने सुना पीएम के मन की बात कार्यक्रम

# कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा शक्ति प्रदान करता है प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन: सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधायक सुदेश राय के साथ रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को टेलीविजन के माध्यम से सुना और देखा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा रखे गए विषयों को भाजपा कार्यकर्ताओं और विधायक सुदेश राय ने ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम के समापन के उपरांत विधायक सुदेश राय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले भारतीयों और विदेश में रहकर देश का मान सम्मान बढ़ाने वाले प्रवासियों सहित देश की रक्षा करने के लिए तैनात सेना के वीर जवानों पुलिसकर्मियों सुरक्षा कर्मियों एवं भारतीय जनता पार्टी की अलख जगा कर समाज के आखिरी व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने वाले जनप्रतिनिधियों प्रशासनिक अधिकारियों समाजसेवियों कर्मचारी का स्वागत बंधन अभिनंदन किया और देश की उन्नति प्रगति के लिए सभी का और मार्गदर्शन किया। भाजपा कार्यकर्ताओं के मध्य विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान मप्र भाजपा अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव के मार्गदर्शन में हम सभी निरंतर जनता की सेवा करकर रहे। प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम हमें ऊर्जा से भर देता है। इस मौके भाजपा जिला महामंत्री राजकुमार गुप्ता वरिष्ठित भाजपा नेता कन्हैयालाल मालवीय, डॉक्टर गगन नामदेव, सुनील राय आदि मौजूद थे।

### वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन





सीहोर। रविवार को शहर के सैकड़ाखेड़ी स्थित संकल्प वृद्धाश्रम में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ श्रद्धा भक्ति सेवा समिति के संचालक राहुल सिंह के मार्गदर्शन में संस्कार मंच के धर्मेन्द्र माहेश्वरी और आकाश राय ने किया। इसमें बुजुर्गों को अंग वस्त्र और फल का वितरण किया गया। चिकित्सकों ने बुजुर्गों की बीपी, शुगर, रक्त जांच समेत अन्य स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसके बाद केन्द्र के डॉ. दीपक और नर्स संगीता सेन ने उन्हें आवश्यक परामर्श और दवाएं दी। इस मौके पर केन्द्र की ओर से बाबू सिंह ने बताया कि आगामी दिनों में यहां पर मौजूद डेढ़ दर्जन से अधिक वृद्धजनों का वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा आंखों की जांच की जाएगी। जांच के बाद मोतियाबिंद के मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन किए जाएंगे। इस मौके पर समिति के संचालक श्री सिंह ने बताया कि बढ़ती उम्र में बीपी, शुगर, जोड़ो में दर्द और मौसमी बीमारियों का खतरा अधिक होता है। वृद्धजनों में शुगर और जोड़ों का दर्द अक्सर आपस में जुड़े होते हैं, क्योंकि अनियंत्रित मधुमेह मांसपेशियों, नसों और जोड़ों को नुकसान पहुंचा सकता है, जिससे दर्द, अकड़न और सूजन होती है। इन समस्याओं से बचने के लिए, रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने के लिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और वजन प्रबंधन आवश्यक है। गाउट डिजीज गठिया बीमारी का ही एक प्रकार है जो शरीर में यूरिक एसिड का स्तर बढ़ने के कारण होता है। जोड़ों में दर्द व सूजन इस बीमारी के आम लक्षण हैं।

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## खबर संक्षेप

### एमपीपीएल फुटबॉल स्पर्धा में लेक सिटी की रोमांचक जीत

**सीहोर।** शहर के चर्च मैदान पर चल रही एमपीपीएल फुटबाल प्रतियोगिता के अंतर्गत शनिवार को रोमांचक मुकाबला खेला गया, इसमें अंतिम समय तक बिना गोल के बराबरी की टक्कर की लेक सिटी टीम ने बिल्डअप सीहोर को 1-0 से हराया। इस मौके पर जिला फुटबाल एसोसिएशन के मनोज कन्नोजिया, मैच के इंचार्ज मनोज दीक्षित मामा ने मैच के पर्यवेक्षक नाना भाई, सुनी वर्मा, जेएल श्रीवास, मुकेश तेलसी, शिवांदन, राहुल गुप्ता, गौरव आदि का सम्मान किया। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को दोपहर में खेले गए नजदीकी मुकाबले में बिल्डअप सीहोर फुटबाल टीम को लेक सिटी फुटबाल टीम ने 1-0 से हराया। इस मैच में लेक सिटी के प्रतिभाशाली अभय ने शानदार गोल किया।

### विमल राय फिर बने संघ के जिला अध्यक्ष

**सीहोर।** मप्र मीडिया संघ के प्रदेश अध्यक्ष जयवंत ठाकरे ने सीहोर पहुंचकर पत्रकार विमल राय को फिर से सीहोर जिला अध्यक्ष घोषित किया। इस नियुक्ति की औपचारिक घोषणा सीहोर में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक में सर्वसम्मति से की गई। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार विमल राय हमेशा, पत्रकारों के हितों के लिए सक्रिय रहे हैं।

दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक निर्धारित रकबे में हो जाएगी बोवनी, किसान खाद के लिए कर रहे जद्दोजहद

# 48990 हेक्टेयर में होनी है रबी फसल की बोवनी, 65 प्रतिशत हो चुकी, गेहूं का रकबा बढ़ा, चने का घटा

क्षेत्र में रबी सीजन की बोवनी ने रफ्तार पकड़ ली है। कृषि विभाग द्वारा निर्धारित 76,037 हेक्टेयर के लक्ष्य के मुकाबले अब तक 48,990 हेक्टेयर में बोवनी पूरी हो चुकी है, जो कुल लक्ष्य का 65 प्रतिशत है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



भैरुंदा। किसान फसल में खाद का छिड़काव करता हुआ



भैरुंदा। किसान अपने खेत पर स्पिलिंगर से पलेवा करता हुआ

क्षेत्र में रबी फसलों की बोवनी जोर पकड़ चुकी है। मौसम अनुकूल रहने और समय पर नमी उपलब्ध होने से कई किसानों ने समय पर बुवाई शुरू कर दी, वहीं टेल एरिया के किसानों को अभी भी पानी का इंतजार है। कृषि विभाग के अनुसार, इस साल 76,037 हेक्टेयर में रबी बोवनी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसमें से 48,990 हेक्टेयर का काम पूरा हो चुका है।

दूसरी ओर, नहर के अंतिम छोर तक पानी न पहुँचने से कई किसानों के खेत अब भी सूखे पड़े हैं। कोलार नहर विभाग ने 15 नवंबर से पानी छोड़ा है, लेकिन दूरस्थ क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति अब भी सामान्य नहीं हो सकी है। कई किसानों को बिजली आपूर्ति में अनियमितता के कारण भी देरी का सामना करना पड़ रहा है।

कृषि विभाग का कहना है कि यदि वर्तमान मौसम इसी तरह स्थिर रहा, तो नवंबर के अंतिम सप्ताह से लेकर दिसंबर के प्रथम सप्ताह तक शेष बोवनी भी पूर्ण हो जाएगी। मानसून की समय पर विदाई और दीपावली से पहले अच्छी बारिश ने कई किसानों को पलेवा करने के खर्च से बड़ी राहत दी है।

### गेहूं के रकबे में बढ़ोतरी तय, चने में रफ्तार मंद

इस वर्ष गेहूं के रकबे में बढ़ोतरी की संभावना जताई जा रही है। वर्ष 2024 में जहां 57,870 हेक्टेयर में गेहूं बोया गया था, वहीं इस वर्ष अब तक 31,255 हेक्टेयर में बुवाई हो चुकी है। मौसम परिवर्तन के चलते चने की बोवनी में वृद्धि नहीं हो पाई। 15,990 हेक्टेयर के लक्ष्य में से अब तक 14,136 हेक्टेयर में ही बुवाई संभव हो सकी है। विभाग का मानना है कि अब केवल 2–3 प्रतिशत किसान ही चना बो पाएंगे। मटर 12 हेक्टेयर, मसूर 20 हेक्टेयर और राई/सरसों 115 हेक्टेयर में बोवनी दर्ज की गई है। अलसी का रकबा पिछले वर्ष के मुकाबले 85 हेक्टेयर बढ़ा है, जो क्षेत्र में तिलहन उत्पादन की संभावनाओं को मजबूत करता है।

कृषि विभाग का कहना है कि उर्वरक, बीज और अन्य संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है ताकि किसान बिना बाधा के बुवाई जारी रख सकें।

**किसानों के लिए महत्वपूर्ण सलाह - यूरिया ऐसे करें प्रयोग:**एसएडीओ वी.एस. राज ने किसानों को सलाह दी है कि यूरिया की संपूर्ण मात्रा एक साथ न डालें। वैज्ञानिक पद्धति के अनुसार पहली सिंचाई के समयः 45 किलो प्रति एकड़, दूसरी सिंचाई के समयः 45 किलो प्रति एकड़, इस तरह कुल 90 किलो यूरिया प्रति एकड़ का छिड़काव करें। इससे फसल की बढ़वार बेहतर होगी और उत्पादन में भी बढ़ोतरी संभव है।

#### दलहन-तिलहन बोवनी की स्थिति

चनाः 14,881 हेक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले 14,136 हेक्टेयर (95 प्रतिशत) तक बोवनी
मसूरः 100 प्रतिशत लक्ष्य पूरा
राई/सरसोंः 115 हेक्टेयर का पूरा लक्ष्य हासिल
गेहूंः 60,444 हेक्टेयर लक्ष्य में से 31,155 हेक्टेयर तक बोवनी

# निशुल्क नेत्र शिविर में 375 लोगों की हुई जांच 30 लोगों का होगा मोतियाबिंद ऑपरेशन

### अग्रसोच सोशल फाउंडेशन की पहल पर हुआ नगर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन





**सीहोर।** सामाजिक संस्था अग्रसोच सौशल फाउंडेशन द्वारा रविवार, 30 नवम्बर को नगर के मानक बाग पर स्वर्गीय मानकचंद रूठिया की स्मृति में विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रातःकाल से ही शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से आँख के रोग के इलाज के लिये बड़ी संख्या में नागरिक शिविर स्थल पर पहुंचकर लगभग 375 महिला पुरुषों में अपने नेत्रों की जाँच कराई यह शिविर सेवासदन नेत्रालय हिरदाराम नगर के सहयोग से आयोजित किया गया।

जिसमें डॉक्टरों द्वारा नेत्र परिक्षण कर मोतियाबिंद, दृष्टिदोष, आँखों में जलन, धुंधलापन व अन्य नेत्र रोगों की पहचान की गई। सेवा सदन की टीम अरूण शुक्ला, डॉ. जितेन्द्र पाठक, भावना परमार, राहुल के द्वारा आँखों की जाँच की गई। शिविर के दौरान लगभग 50 से अधिक मोतियाबिंद की समस्या से पीड़ित मरीज पाये गये, जिसमें आज रविवार को 30 मरिजों को बस द्वारा सेवासदन अपरेशन हेतु भेजा गया।

सर्व प्रथम कार्यक्रम की शुरुआत कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राकेश राय, विशेष अतिथि क्रांतिकारी संत मोहित राम पाठक एवं विशिष्ठ अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर, अन्य अतिथियों में समाजसेवी विवेक रूठिया, वरिष्ठ पत्रकार ए.आर.शेख मुंशी, समाजसेवी जितेन्द्र तिवारी उपस्थित रहे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा स्वर्गीय सेठ मानकचंद रूठिया के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम को शुभारंभ किया। तत्पश्चात शिविर के सूत्रधार आशीष गुप्ता, समाजसेवी नरेन्द्र गोस्वामी, परवेश उमर ने अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण कार्यक्रम की संयोजिका समाजसेविका प्रेमलता राठौर द्वारा किया गया। तत्पश्चात श्रीमती सीमा सक्सेना ने अन्य अतिथियों का अंग वस्त्र उड़ाकर स्वागत किया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदीप नागिया ने किया। अंत में आभार व्यक्त ब्रजेश पारासर द्वारा व्यक्त किया गया। समाजसेवी राकेश राय, पं.मोहित राम पाठक, नपाध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने अपने-अपने विचार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम की प्रसंशा करते हुए कहा कि संस्था द्वारा आयोजित किये गये निःशुल्क शिविर से नागरिकों को लाभ मिलेगा वहीं नेत्र रोग से भी उनको निदान होगा। अतिथियों ने भविष्य में भी ऐसे शिविरों के आयोजन करने के लिये अपना सहयोग दिये जाने का आश्वासन दिया। मोतियाबिंद अपरेशन हेतु मरिजों को अंत में रोटरी क्लब के अध्यक्ष मधुर विजयवर्गीय एवं सचिव कपिल रूठिया द्वारा बस को हरी झण्डे दिखाकर कर संतहिरदाराम नगर के लिये रवाना किया।

### भावांतर योजना में सोयाबीन का मॉडल रेट 4240 रुपए जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

भावांतर योजना 2025 के अंतर्गत सोयाबीन विक्रेता किसानों के लिए 29 नवंबर को 4240 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी किया गया है। यह मॉडल रेट उन किसानों के लिए है जिन्होंने अपनी सोयाबीन की उपज मंडी प्रांगणों में विक्रय की है। इस मॉडल रेट के आधार पर ही भावांतर की राशि की गणना की जाएगी।

मॉडल रेट और न्यूनतम समर्थन मूल्य के भावांतर की राशि राज्य सरकार द्वारा दी जा रही है। सोयाबीन का पहला मॉडल रेट 7 नवंबर को 4020 रुपए प्रति क्विंटल जारी किया गया था। इसी तरह 8 नवंबर को 4033 रुपए, 9 और 10 नवंबर को 4036 रुपए, 11 नवंबर को 4056 रुपए, 12 नवंबर को 4077 रुपए, 13 नवंबर को 4130 रुपए, 14 नवंबर को 4184 रुपए, 15 नवंबर को 4225 रुपए, 16 नवंबर को 4234 रुपए, 17 नवंबर को 4236 रुपए, 18 नवंबर को 4255 रुपए, 19 नवंबर को 4263 रुपए, 20 नवंबर को 4267 रुपए, 21 नवंबर को 4271 रुपए और 22 नवंबर को 4285 रुपए, 23, 24 नवंबर को 4282 रुपए, 25 नवंबर को 4277 रुपए, 26 नवंबर को 4265 रुपए, 27 नवंबर को 4252 रुपए और 28 नवंबर को 4260 रुपए प्रति क्विंटल का मॉडल रेट जारी हुआ था।

# उलझावन, सागौनी, भोजनगर व इमलीखेड़ा मार्ग बदहाल



**सीहोर।** ग्राम उलझावन से सागौनी, भोजनगर और इमलीखेड़ा को जोड़ने वाली सड़कें पूरी तरह जर्जर हो चुकी हैं। गड्ढों से भरी इन सड़कों पर रोजाना गुजरने वाले ग्रामीणों और वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। सड़कें फिसलन भरी हो गई हैं। हादसों का खतरा बना हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि ये तीनों सड़कें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बनाई गई थीं। अब इनकी हालत बेहद खराब हो चुकी है। समय पर मरम्मत और देखरेख नहीं होने से सड़कें टूटकर खस्ताहाल हो गई हैं। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर क्षेत्रीय विधायक और राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा को जानकारी दी। मंत्री वर्मा ने एक माह पहले प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, भोपाल को पत्र भेजा। पत्र में इन मार्गों के पुनर्निर्माण की मांग की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़कें बन जाने से आवागमन की समस्या खत्म होगी। आसपास के गांवों को भी राहत मिलेगी। लोग अब विभाग से जल्द कार्रवाई की उम्मीद कर रहे हैं।

# कृषि विस्तार अधिकारी संतोष सिंह हुए सेवानिवृत



**सीहोर।** मध्य प्रदेश क़ृषि विस्तार अधिकारी संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संघ के पूर्व जिला सचिव संतोष सिंह कृषि विस्तार अधिकारी के पद से सेवानिवृत हुए।

मध्य प्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ एवं कृषि परिवार जिला सीहोर ने राजा भोज गार्डन में श्री सिंह का सेवानिवृत्ति सम्मान समारोह रखा जिसमे मुख्य अतिथि श्री अशोक कुमार उपाध्यय उपसंचालक कृषि जिला सीहोर एवं अनिल जाट सहायक संचालक क़ृषि रहे। कार्यक्रम मै कमल सिंह ठाकुर वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने सम्बोधित किया उन्होंने कहा के संतोष सिंह ने अपनी सेवकाल बेदाग छवि तथा कर्तव्य परायणता से पूरी की और सभी के लिए मधुर एवं मृदुभावी रहे आपने जिले से लेकर विकासखंड तक की यात्रा मै अनेको दायित्व का निर्वहन किया और पूर्ण ईमानदारी और निष्ठा से करते हुए आज आप अपनी अर्धवार्षिकी पूर्ण कर रहे है। क़ृषि विभाग के समस्त अधिकरी कर्मचारीयों ने श्री सिंह को साल श्रीफल एवं कृष्ण की प्रतिमा भेट कर विदाई दी। कार्यक्रम मै राज्य कर्मचारी संघ जिला अध्यक्ष कुंदन राय, पूर्व संभाग अध्यक्ष गोपाल सिंह ठाकुर, पूर्व संगठन मंत्री संतोष सिंह पूर्व कोषाध्यक्ष देवेंद्र आर्य मध्य प्रदेश क़ृषि विस्तार अधिकारी संघ के जिलाध्यक्ष लाड़सिंह बकोदिया, प्रांतीय प्रतिनिधि रामपाल मीणा, ब्लाक अध्यक्ष लखन लाल बकोरिया, एवं विकासखंड के समस्त क़ृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहे।

आंवली घाट उत्तर तट पर चल रही शिव श्री महापुराण कथा

# शिव और पार्वती के विवाह की तिथि नहीं हैं यह एक गलत परंपरा हैं :कान्हा महाराज






हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

गुरुदेव दत्त कुटी तीर्थ क्षेत्र नर्मदा तट आंवली घाट उत्तर तट पर नगा बाबा मंहत स्वामी जमुना गिरी महाराज के प्रेरणा से शिव श्री महापुराण कथा के पंचम दिवस रविवार को जिसमें व्यास पीठासीन वृंदावन धाम से पधारे राष्ट्रीय धर्माचार्य कान्हा महाराज कथा व्यास ने भगवान शंकर-पार्वती विवाह का प्रसंग सुनाया। इसे सुनकर पूरा पंडाल बम-बम के जयकारों से गूंजने लगा। कथा राष्ट्रीय धर्माचार्य कान्हा जी महाराज ने बताया कि आत्मा का परमात्मा से मिलन ही शिव में लीन हो जाना है। उन्होंने कहा कि भगवान शंकर वैराग्य के देवता माने गए हैं। इसके बाद भी शिव ने विवाह कर गृहस्थ आश्रम में रहकर वैराग्य धर्म का अनुसरण करने का तरीका दिया। कथा व्यास ने कहा कि शिव परिवार में भगवान का वाहन नंदी, मां पार्वती का शेर, गणेश भगवान का मूसक और कार्तिकेय का वाहन मोर है। इसी लिए शिव पुराण विपरीत विचारधारा के बीच सामंजस्य रखना सिखाता है।

उन्होंने भगवान के विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि मैंना देवी व हिमालय राज की पुत्री के रूप में मां पार्वती ने जन्म लेकर भगवान शिव की घोर तपस्या की। उसी दौरान ताड़कासुर के आतंक को खत्म करने के लिए शिव का तंद्रा भंग हुई। सप्त ऋषियों के द्वारा मां पार्वती की प्रेम की परीक्षा लेकर के भगवान शिव ने अपने प्रति पार्वती का आगाज प्रेम देखकर के भगवान शिव ने पार्वती मां को अंगीकार किया इसके बाद शिव का विवाह हुआ। कथा प्रवक्ता कान्हा महाराज ने कहा कि शिवरात्रि शिव और पार्वती के विवाह की तिथि नहीं है यह एक गलत परंपरा पिछले कुछ वर्षों से प्रारंभ कर दी गई है। जिसके कारण लगभग पूरे विश्व में हर सनातनी यही मानता है कि महाशिवरात्रि के दिन भगवान शंकर और पार्वती का विवाह हुआ था। इसी उपलक्ष्य में संपूर्ण देश के अलग-अलग स्थान में गांव में विभिन्न मंदिरों में शिव बारात निकाली जाती है। शिव पार्वती के विवाह उत्सव का आयोजन किया जाता है, जो की एक गलत परंपरा बन चुकी है।

यह सनातन को अपने मुख्य धारा से भटकने का कुत्सित प्रयास है। आचार्य मृदुलकांत शास्त्री ने शिव महापुराण, श्री लिंग पुराण, श्री स्कंद पुराण आदि पुराणों के प्रमाण देते हुए स्पष्ट किया है कि मार्गशीर्ष के महीने में सोमवार के दिन भगवान शंकर पार्वती का विवाह संपन्न हुआ था।

# पत्रकारों पर हमले को लेकर नेशनल मीडिया फाउंडेशन ने दिया ज्ञापन

### आरटीओ के दलालों पर सख्त कार्रवाई की मांग



**सीहोर।** लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के सिपाही पत्रकारों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मध्य प्रदेश सरकार को तत्काल पत्रकारों पर जानलेवा हमला करने वाले इंदौर आरटीओ के दलालों पर कानूनी कार्यवाही करना चाहिए। उक्त बात रविवार को नेशनल मीडिया फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राजेंद्र नागर ने कही।

नेशनल मीडिया फाउंडेशन से जुड़े अनेक पत्रकारों ने अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम का ज्ञापन अनुभागी अधिकारी तन्मय वर्मा की अनुपस्थिति में नायब तहसीलदार आकाश महंत को दिया। ज्ञापन के माध्यम से सभी पत्रकारों ने हमलावरों पर सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की। शनिवार को मध्य प्रदेश की व्यापारिक राजधानी इंदौर के आरटीओ कार्यालय में आरटीओ के दलालों के द्वारा व्यवस्थाओं का कवरेज करने पहुंचे मीडिया कर्मी हेमंत शर्मा और कैमरामैन राजा के साथ जानलेवा मारपीट की गई। नेशनल मीडिया फाउंडेशन नई दिल्ली शाखा जिला सीहोर पत्रकारों पर अन्याय अत्याचार बर्दाश्त नहीं करेगा। ज्ञापन प्रदर्शन में पत्रकार जुगल किशोर पटेल, अखिलेश गुप्ता, देवी प्रसाद व्यास, सक्षम पालीवाल, नरेश मेवाडा, रवि पुष्पद,जलील खान,कपिल सूर्यवंशी, आकाश माथुर, जोरावर सिंह,विनय भाटेले,सुजीत रैकवार, वृंदा विश्वकर्मा, नितेश योगी, हिमालय गोहिया, पवन विश्वकर्मा.कमल पांचाल, संतोष गुड़वान, दिनेश नागर, राय सिंह मालवीय, गोवर्धन सोनी, प्रकाश मालवीय, सचिन महोबिया आदि पत्रकार शामिल रहे।

### कार्रवाई में सागौन की 36 सिल्लियों सहित 6 लाख 72 हजार का मशरूका जब्त

# बिना लाइसेंस अवैध सागौन का चल रहा कारोबार! एक गिरफ्तार






हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-सुठालिया

सागौन के अवैध कारोबार की बात हो तो जिले में सुठालिया के नाम लिए बिना पूरी नहीं हो सकती। इसके लिए पूर्व में सागौन को लेकर नगर में हुई कई कार्रवाईयों से लेकर आज की पुलिस द्वारा कार्रवाई से समझा जा सकता है। पिकअप में भरकर गद्दों से ढककर लाई जा रही अवैध सागौन के परिवहन होने की सूचना सुठालिया पुलिस को मिली और आरोपी पवन पिता गोविन्द अग्रवाल अवैध रूप से सागौन की लकड़ियां चोरी करके काटकर अवैध परिवहन करते पाया गया। आरोपी पर धारा 303(2) बीएनएस 26/52 भारतीय वन अधिनियम व धारा 5/16 म प्र वन उपज अधिनियम 1969 का पाया जाने से आरोपी से मौके पर समक्ष पंचानामा चदन पिता परमाल भिलाला निवासी नालाझिरी एव वन रक्षक राजेन्द्र सिंह खींची सुठालिया के समक्ष उक्त लकडी 36 सागौन की सिल्लिया कीमती लगभग 72 हजार एव पीकप वाहन कीमत 6 लाख रूपये को विधिवत जप्त किया गया एवं आरोपी पवन को पूछताछ हेतु अभिरक्षा में लिया गया। इसमें सुठालिया थाने के उनि अनिल राहौरिया थाना प्रभारी सुठालिया, प्र आर आशीष दुबे, प्र आर 258 महेश कुमार भील, सोनू अहिरवार मय शासकीय वाहन चालक प्र बार 162 विनोद शामिल रहे।

#### सागौन के बड़े व्यापारी बच जाते हैं, छोटों पर होती है कार्रवाई

सुठालिया में करोडों रुपए की सागौन बेचने बाले व्यापारियों से लेकर छोटे कारोबारी है परंतु अधिकतर देखने में आया है कि छोटा काम करने वाले व्यापारी पकड़े जाते हैं जबकि बड़ा व्यापार करने वालों के साथ प्रशासन की सांठगांठ के चलते बच जाते हैं।

#### मार्च 2025 से सुठालिया व्यापारियों के सागौन लाइसेंस का नहीं हुआ नवीनीकरण

वन विभाग के डिप्टी रेंजर अर्जुन शर्मा बताते हैं कि अभी सुठालिया के लकड़ी व फर्नीचर व्यापारियों का सागौन लाइसेंस का वन विभाग द्वारा नवीनीकरण नहीं किया गया है। जिससे अभी सागौन के परिवहन व खरीदी की तो बात ही नहीं उठती।

#### वनविभाग व थाने के सामने से ही निकलती है अवैध सागौन

शनिवार को हुई पुलिस कार्रवाई के चलते यह संभव हो पाया। जबकि अधिकतर समय वन विभाग व थाने के सामने से ही यह अवैध कारोबार चलते रहने की सूचना है। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि शादी के लिए फर्निचर भी आए दिन सुठालिया से निकाला जा रहा है परंतु विभाग को इसका पता भी नहीं चल पाता है।

### किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

# विद्युत विभाग की लापरवाही से चार दिनों में दो युवकों की मौत



**नरसिंहगढ़।** ब्लॉक किसान कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर ग्राम कुराडियाखेड़ी और सांका जागीर में बिजली करंट लगने से हुई दो युवक की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि ग्राम कुराडियायाखेड़ी मुकेश पिता दौलतराम गुर्जर उम्र 22 की शुक्रवार को खेतों में झूल रहे तारों की चपेट में आने से करंट से मृत्यु हो गई। वहीं बीती 24 तारीख को ग्राम सांका जागीर में बंटी पिता गणपतलाल उम्र 22 की भी इसी तरह करंट लगने से मौत हुई है। लेकिन सूचना देने के बाद भी बिजली विभाग ने सहायता तो दूर मौके पर पहुँचकर मामले को देखना भी मुनासिब नही समझा। जिससे मृतक के परिजनों सहित ग्रामीणों में विभाग के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। किसान कांग्रेस ने आरोप लगाया कि घटना से पहले ही ग्रामीणों और परिवारजनों द्वारा कई बार विद्युत विभाग अधिकारियों को खराब बिजली व्यवस्था की सूचना दी गई थी, लेकिन विभाग के कर्मचारियों ने लापरवाही बरतते हुए सुधार के लिए कोई काम नही करवाया। इसी अव्यवस्था की वजह से ही युवकों की जान चली गई। ज्ञापन में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने मृतक के परिजनों को आर्थिक मुआवजा और दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन सौंपते दौरान अध्यक्ष नरेंद्र रूवाला, गोविंद सिंह गुर्जर, मंजुलता शिवहरे, ज्ञान सिंह मीणा सहित अन्य मौजूद थे।

#### क्षेत्र में आए दिन सामने आ रहे मामले

देखने में आया कि क्षेत्र के कई ग्रामीण इलाकों में इसी तरह अव्यवस्थाओं के मामले सामने आ रहे हैं। जिसके कारण पहले भी कई लोग काल कलवित हो चुके हैं। क्षेत्र के ग्रामीणों ने कहा कि घटना के बाद भी क्षेत्र में तारों और बिजली व्यवस्था की सुध नहीं ली गई है, जिस वजह से आए दिन हादसे की आशंका बनी रहती है। इधर संगठन ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान न हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

### घटिया निर्माण कार्य व चौक चौराहे को लेकर दिया ज्ञापन

# सड़क निर्माण को लेकर मोहल्लेवासी सड़क पर



**सारंगपुर।** कलेक्टर द्वारा अवैध कालोनियों के नामांतरण के साथ अवैध कॉलोनी में सड़क निर्माण आदि के कार्यों पर रोक लगा रखी है। इसके बाद भी सारंगपुर के सुदर्शन नगर कहलाने वाले मोहल्ले में अलग अलग जमीन मालिकों ने अवैध तरीके से आवास हेतु प्लाट बिक्री की है, लेकिन प्लाट मालिकों को किसी भी प्रकार की मूलभूत सुविधा प्रदान नहीं की। दस से अधिक वर्षों से लोग मकान बनाकर निवासरत हैं। निवारत परिवारों द्वारा स्थानीय निकाय एवं पार्षद पर मूलभूत सुविधा के लिए लगातार दबाव बनाया, इसी के चलते उक्त कॉलोनी में नगर पालिका द्वारा सड़क निर्माण प्रारंभ किया लेकिन मोहल्लेवासियों के साथ जो धोखा कालोनी काटने वालों ने किया वही धोखा सड़क निर्माण ठेकेदार द्वारा किया जा रह रहा है।

गुणवत्ताविहीन सड़क निर्माण कर इतिश्री करने की मंशा से घटिया मटेरियल का उपयोग कर सड़क निर्माण कार्य किया गया। अनंता मोहल्लेवासियों का सब्र का बांध टूटा और घटिया सड़क एवं चौक चौराहे को लेकर निर्माणाधीन सड़क पर आ गए और नारेबाजी करते हुए एसडीएम रोहित बम्होरे सारंगपुर को ज्ञापन देते हुए गुणवत्ता पूर्वक सड़क निर्माण कराने के साथ ही घटिया कार्य के जांच की मांग की। साथ ही विगत वर्षों से चले आ रहे चौराहे को यथावत रखने तथा पूरे चौराहे पर सीसी निर्माण की मांग की और ज्ञापन में कह की चौराहे को अगर छोड़ा गया तो अंधा मोड़ कई लोगों की जानलेवा साबित हो सकता है। मौके पर संवाददाता ने सड़क निर्माण सामग्री का अवलोकन किया तो प्रथम दृष्टिया गुणवत्ता विहीन सामग्री पाई गई। इस संबंध में नगर पालिका इंजीनियर से चर्चा की तो उनका कहना था कि वार्ड वासियों द्वारा किसी भी प्रकार कोई शिकायत नहीं की गई। शिकायत आती है तो समाधान किया जाएगा।

### बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी हुए सम्मानित



**नरसिंहगढ़।** वरिष्ठ बीमा सलाहकार महेश त्रिवेदी को अपने काम में बेहतर प्रदर्शन के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम की ओर से मंगलवार को ब्यावरा में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उन्हें भोपाल मंडल के विक्रय प्रबंधक रविंद्र पटेल ने प्रशस्ति पत्र के साथ उपहार दिए। आयोजन में ब्यावरा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पवन अहिरवार, विकास अधिकारी संजीव गर्ग, वरिष्ठ अधिकारी मनोज रावत आदि मौजूद थे।

### 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन पूर्ण

# एसआईआर : जिले में 91 फीसदी कार्य पूर्ण, खिलचीपुर विस अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

जिले में मतदाता सूचियों के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) पूर्णता की एक माह की अवधि के अंतिम पखवाड़े में काम तेजी से हुआ है। गत 04 नवंबर से शुरू हुआ एसआईआर का कार्य जहां शुरूआत में कछुआ गति से रेंग रहा था वहीं अंतिम चरणों में काम ने दुरुत गति पकड़ी ली है।

निर्वाचन से जुड़े उच्चाधिकारियों की सतत मॉनिटरिंग एवं बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) एवं उनके सहायक के रूप में कार्य कर रहे सचिवों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, निकायों के अमले सहित अन्य की मेहनत की बदोलत 29 नवंबर तक जिले में 91 फीसदी से अधिक मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटाईजेशन किया जा चुका था। पांचों विधानसभाओं के लिहाज से बात करें तो कार्य पूर्णता में खिलचीपुर विधानसभा फिलहाल अव्वल है। उक्त कार्य को पूर्ण करने की अंतिम तिथि 04 दिसंबर के हिसाब से अब सिर्फ पांच ही दिन शेष रह गए हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ELECTION COMMISSION OF INDIA

निर्वाचन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 11 लाख 78 हजार 113 मतदाता हैं जिनमें से 29 नवंबर की शाम 4 बजे की स्थिति में 10 लाख 75 हजार 643 मतदाताओं के गणना-पत्रकों का डिजिटिलाईजेशन किया जा चुका था।

#### कुछ मृत, कुछ के ट्रांसफर व अन्य कारण

निर्वाचन विभाग के अनुसार जिले में कई ऐसे मतदाता हैं जो मृत हो चुके हैं, उनके ट्रांसफर हो चुके हैं या उनके डबल नाम जुड़े थे या अन्य भी बहुत से कारण है, जिसके चलते गणना-पत्रक कलेक्टर नहीं हो पा रहे हैं।

# सरस्वती विद्या मंदिर में सप्तशती संगम कार्यक्रम आयोजित





**अकोदिया।** सरस्वती विद्या मंदिर, अकोदिया में सप्तशती संगम कार्यक्रम संस्कृति और नारी-शक्ति के संदेश के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मातृशक्ति की गरिमामयी उपस्थिति रही। विभिन्न वक्ताओं ने समाज एवं राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं वक्ता अनीता भगवत राजपूत रहीं। उन्होंने भारतीय संस्कार, परिवार व्यवस्था और कुटुंब प्रबोधन की महत्ता पर चर्चा की। विशेष अतिथि वीणा गुरेनिया ने मातृशक्ति की सामाजिक सहभागिता, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रचना सचिन शर्मा ने की।

इस अवसर पर उपस्थित मातृशक्तियों ने अपने अनुभव, विचार एवं प्रेरक प्रसंग साझा किए। अतिथि वक्ताओं ने कुटुंब प्रबोधन, भारतीय परिवार व्यवस्था की मजबूत नींव तथा भारत के विकास में महिलाओं की भूमिका जैसे विषयों पर विचार व्यक्त किए। वक्ताओं का कहना था कि शिक्षा, संस्कार, सेवा और संगठन के माध्यम से मातृशक्ति समाज को नई दिशा प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम का समापन मातृशक्तियों द्वारा लिए गए संकल्प के साथ हुआ।

### शीतलहर के साथ पड़ रही तेज ठंड, अलाव जलवाने की मांग

**राजगढ़।** जिले में हल्की शीतलहर के साथ तेज ठंड का दौर शुरू हो चुका है। दिन में भलेही तेज धूप निकल रही है लेकिन शीतलहर भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। ऐसे में आमजन नगर पालिका से नगर के प्रमुख चैक-चैराहों, अस्पताल परिसर, बस स्टैंड आदि स्थानों पर अलाव के लिए लकड़ियां डलवाने की मांग करने लगे हैं। आमजनों के साथ ही नगर के निराश्रित मवेशियों के लिए भी अलाव की तपन काफी फायदेमंद होती है। हालांकि, नगर के सेवाभावी नवयुवकों एवं गौसेवा समितियों द्वारा गौमाताओं के अलाव के लिए लकड़ियां जरूर नगर के विभिन्न स्थानों पर डलवाई जा रही हैं पर आमजनों के स्वास्थ्य के दृष्टिगत नपा ने यह काम अभी तक शुरू नहीं कराया है।

# फिर हुई लूट की घटना, 3 वर्ष पहले हुई लूट का आजतक कोई सुराग नहीं




**कुरावर।** निरंतर बढ़ती जा रही लूट और चोरी के मामलों में शनिवार सुबह एक मामला और सामने आया। बीती रात कुरावर थाना क्षेत्र की तीज बडली में एक बार फिर लूट की घटना को अज्ञात लुटेरों ने अंजाम दिया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार शनिवार दरमियान रात्रि करीब 3 बजकर 45 बजे को तीज बडली के समीप कार को पंचर कर नगदी व ज्वेलरी अज्ञात लूटेरे लूट कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गए। जानकारी में पता चला है कि फरियादी सत्यम भट पिता श्रीकांत भट उम्र 28 निवासी टीलाजमापुरा भोपाल बीनागंज में श्रीखाटू श्याम के भजन करके अपने साथियों के साथ कार से लौट रहे थे तभी तीज बड़ली के पास इनकी कार पंचर हो गई। ड्राइवर ने बाहर निकलकर देखा तो कार के चक्के की हवा पूरी तरह निकल गई थी। ड्राइवर ने चक्का खोलने लगा तथा अभी नट खोले ही थे की झाड़ियों की तरफ से तीन बदमाशो ने इनपर हमला कर दिया और हथियार दिखाकर कार में बैठे सत्यम से 35,100 रुपए तथा हाथ में पहनी दो चांदी की अंगूठी निकलाकर भाग गए। किसी तरफ पीड़ित ने कुरावर पहुंचकर पुलिस को पूरी जानकारी दी।

#### 3 वर्ष पहले भी इसी स्थान पर हुई थी लूट की घटना

06 दिसंबर 2022 को भी उक्त स्थान के पास उत्तर प्रदेश में शादी समारोह से लौटकर भोपाल की ओर आ रहे एक परिवार के साथ लूट की वारदात हुई थी। जिसमें परिवार की एक महिला ने पहन रखे 4 लाख के सोने के आभूषण, अंगूठी सहित 8 हजार नकदी की लूट हुई थी। कुरावर पुलिस आज तक उक्त घटना के आरोपी नहीं पकड़ पाई वहीं अब ये नई घटना हो गई। अब पुलिस के सामने दोबारा घटना की चैलेंज है।

### अंडर-13 बालक वर्ग क्रिकेट चयन ट्रायल्स संपन्न

# 80 से ज्यादा खिलाड़ियों ने दिखाई अपनी प्रतिभा



**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला अंडर-13 (बालक वर्ग) क्रिकेट चयन ट्रायल्स शनिवार को ब्यावरा के पीजी कॉलेज मैदान में संपन्न हुए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित इन ट्रायल्स में जिलेभर से लगभग 80 बाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। ट्रायल्स के दौरान खिलाड़ियों का बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और फिटनेस टेस्ट जैसे विभिन्न कौशलों पर मूल्यांकन किया गया। चयनकर्ताओं में राज लववंशी, ऋषि शर्मा और दिलीप बैस शामिल थे।

इस अवसर पर राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव निपेन्द्र सोलंकी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। चयनकर्ताओं ने खिलाड़ियों के तकनीकी और शारीरिक प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया। ट्रायल्स के बाद 18 खिलाड़ियों का प्रारंभिक चयन किया गया है। इन चयनित खिलाड़ियों को आगामी प्रशिक्षण कैंप में शामिल किया जाएगा। एसोसिएशन ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों की सूची जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। प्रशिक्षण कैंप के बाद, इन 18 खिलाड़ियों में से 11 सदस्यीय अंतिम टीम का गठन किया जाएगा। यह टीम प्रदेश स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। राजगढ़ जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अभिभावकों को उनके बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए धन्यवाद दिया। एसोसिएशन ने उम्मीद जताई कि जिले में क्रिकेट प्रतिभा का विकास जारी रहेगा।

### निःशुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम आयोजित

**खुजनेर।** अमर शहीद मनीष विश्वकर्मा शासकीय बालक उमावि खुजनेर में मध्य प्रदेश शासन की योजना अंतर्गत निःशुल्क साइकिल विरतण कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक अमर सिंह यादव के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता केदार काका गुप्ता मंडल अध्यक्ष सुरेश दांगी, पूर्व नगर अध्यक्ष पंकज शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष मुकेश शर्मा छुट्टन पूर्व नगर उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता लोकेंद्र यादव, प्रेमनारायण यादव,मुकेश यादव अरविंद गुप्ता, अरूण एवं अन्य भाजपा नेता एवं पार्षद गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में राधेश्याम शर्मा द्वारा स्वागत गीत एवं कन्हैयालाल दांगी द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। प्राचार्य मनोहर जायसवाल द्वारा विद्यालयीन गतिविधियों एवं उपलब्धियों से संक्षिप्त परिचय दिया गया राजगढ़ विधानसभाके विधायक अमर सिंह यादव द्वारा छात्रों को बेहतर परीक्षा परिणाम लाने हेतु शुभाशीष दिया।

### महिला बाल विकास विभाग ने दंड व भवानीपुरा पंचायत में किए आयोजन

# ग्राम चौपालों में कुप्रथाओं को त्यागने दिलाया सामूहिक संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

बाल विवाह मुक्त राजगढ़ अभियान के तहत महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा दंड एवं भवानीपुरा ग्राम पंचायतों में जागरुकता चौपालों का आयोजन किया गया।

विभाग के डीपीओ श्यामबाबू खरे निर्देशन में आयोजित इस चौपाल में सुश्री संतोष चौहान ने बताया की खिलचीपुर परियोजना के 36 ग्राम पंचायत में लगभग 70 गांवों के लोगों को बाल-विवाह के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान 06 बाल-विवाह भी समझाईस उपरान्त सफलतापूर्वक रोके गए हैं। बाल विवाह न केवल व्यक्तिगत बल्कि सामाजिक विकास को अवरुद्ध करता है। चौपाल में बताया गया कि कहीं पर भी बाल-विवाह होने पर कंट्रोल रूम में सूचना दी जा सकती है। सभी को इस अभियान से जुड कर सामूहिक प्रयासों से कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। अभियान की नोडल अधिकारी एवं वन स्टॉप केंद्र प्रशासक रश्मि चौहान द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य, रूपरेखा और समाज की भूमिका को समझाया गया।




#### इन नंबरों पर मिलेगी सहायता

श्रीमती चौहान ने कहा कि हमारा उद्देश्य है बाल विवाह, बाल सगाई को पूर्णतः रोकना है। लोगों की सहायता और सूचना हेतु चाइल्ड के हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन 181, बाल-विवाह कन्ट्रोल रूम वन स्टॉप सेंटर में संचालित है, जिसका नंबर 07372-254360 है। कार्यक्रमों के उपरान्त उपस्थितजनों को कुप्रथाओं को त्यागने के संबंध में सामूहिक संकल्प दिलवाया गया।

**खबर संक्षेप**

## उर्स गरीब नवाज मनाने को लेकर हुई मीटिंग

**देवास।** शहर काज़ी अशरफी विंग के तत्वावधान में उर्स गरीब नवाज मनाने को लेकर रईस संजरी के घर पर बैठक आयोजित की गई। शहर काजी देवास सीनियर मौलाना इरफान अहमद अशरफी और काजी नोमान अहमद अशरफी की सरपरस्ती में यह मीटिंग रखी गई। मीटिंग का आगाज काजी नौमान अहमद अशरफी ने तिलावत-ए-कुरआन से किया। इसके बाद सैयद जफर अली अशरफी ने नात-ए-पाक पेश की। विंग के सदर डॉक्टर शरीफ जमाल अशरफी ने पिछले साल हुए उर्स का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। गौरतलब है कि लगातार 35 वर्षों से गरीब नवाज का उर्स मनाया जा रहा है। शहर काजी मौलाना इरफान अहमद अशरफी ने सर्वसम्मति से मोहम्मद सईद खान अशरफी को उर्स का कनवीनर और सैयद अमान अली को सेक्रेटरी नियुक्त किया। आगामी माह होने वाले गरीब नवाज के उर्स की व्यापक तैयारी को लेकर रूपरेखा भी तैयार की गई। मीटिंग में मुफ्ती जरीफ अहमद अशरफी, सुल्तान अहमद अशरफी, काजी हुसैन अहमद अशरफी, सीरत कमेटी के सदर शकील पठान, पत्रकार, सेंट अशरफ फाउंडेशन के सदर जावेद शेख अशरफी, बब्बू खान अशरफी, मुस्तक़िम पटेल, अनवर खान रिजवी, परवेज विनर, जाहिद सागर, शाकिर ठेकेदार, राजा कुरैशी, जबीर हुसैन नूरी, सैयद समीर अली, डॉ. बाबू सिया, गुड्डू पटेल, डॉक्टर फहीम अहमद अशरफी आदि मौजूद थे।

### ऑपरेशन मुस्कान के तहत आष्टा और जावर पुलिस को मिली सफलता

# एक नाबालिग और युवती को दस्तयाब कर परिजनों को सौंपा, आरोपियों को भेजा जेल

ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत अपहृत बालक बालिकाओं की दस्तयाबी के लिए चलाए जा रहा अभियान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा/जावर

थाना आष्टा में 27 अक्टूबर को नाबालिग बालिका के बहला-फुसलाकर ले जाने की सूचना पर अपराध दर्ज किया गया। इसी प्रकार थाना जावर में दिनांक 12 जुलाई को ग्राम गुराड़िया वर्मा निवासी की नाबालिग पुत्री के अपहरण की सूचना पर अपराध पंजीबद्ध किया गया। दोनों मामलों की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला द्वारा त्वरित दस्तयाबी और आरोपियों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुनीता रावत और एसडीओपी आकाश अमलकर के मार्गदर्शन में दोनों थानों में अलग-अलग पुलिस टीमें गठित की गईं।



#### पुलिस कार्रवाई

गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण एवं मुखबिर तंत्र की सहायता से नाबालिग अपहृता को आरोपी के कब्जे से ग्राम बक्तरा थाना शाहगंज से सुरक्षित दस्तयाब किया गया। थाना आष्टा के प्रकरण में आरोपी विक्की उर्फ सूरज पिता राकेश बाल्मीकि को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ पर प्राप्त तथ्यों के आधार पर आरोपी पर दुष्कर्म एवं पोक्सो अधिनियम की धाराओं का इजाफा कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपी पूर्व में भी अपराध क्र. 186/25 में गिरफ्तार होकर जमानत पर था, जिसकी जमानत निरस्ती की कार्रवाई भी प्रचलन में है।

#### थाना जावर प्रकरण

गठित पुलिस टीम द्वारा सतत प्रयास, तकनीकी जानकारी एवं मुखबिर सूचना पर कार्यवाही करते हुए नाबालिग बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। आरोपी नेमु उर्फ नेमीचंद नाल निवासी गुराड़िया वर्मा को गिरफ्तार कर प्रकरण में पोक्सो एक्ट का इजाफा किया गया तथा न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया। बाद में पीड़िता को परिजनों के सुपुर्द किया गया।



#### कार्रवाई में इनकी रही भूमिका

उक्त कार्रवाई में थाना आष्टा टीम के उनि किरण सिंह राजपूत, सउनि जगदीश धुर्वे, आरक्षक 13 प्रवीण मालवीय, आरक्षक अमन और थाना जावर टीम के निरीक्षक नीता देअरवाल, प्रआर 419 सुरेश परमार, आर 855 कमलेश, आर 55 अनिल, आर 555 देवेंद्र भाटी, मआर 874 हीरामणी, सैनिक 171 मानसिंह एवं थाना जावर स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

## बूथ क्रमांक 264 पर कार्यकर्ताओं ने सुना मन की बात कार्यक्रम

**बीएलओ का किया सम्मान**



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश वासियों को मन की बात के माध्यम से संबोधित किया गया। इसी क्रम में कोठरी भाजपा कार्यालय पर मुख्य रूप से आए मध्यप्रदेश सरकार के राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार और पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ठाकुर रायसेन जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के आतिथ्य में मन की बात भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गण और कार्यकर्ताओं ने सुनी सर्व प्रथम नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष रूपेश पटेल, कोठरी मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल ने अतिथियों का स्वागत किया। शत प्रतिशत एस आई आर का बूथ पर कार्य होने पर बूथ अध्यक्ष ललित धारवां और बीएलओ विष्णु आर्य को अच्छे कार्य के लिए बधाई दी। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता जगदीश पटेल, रामगोपाल शक्ति, रमेश पटेल, मानक चंद जैन, रितेश पटेल राहुल प्रजापति, ज्ञानचंद टेलर, अंकित तोमर, प्रतीक चौधरी, कपूरचंद जैन, लोकेश पटेल, गेंदालाल वर्मा आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## तनुश्री नागर बनीं संभाग की कप्तान, मंदसौर में खेली जाएगी राज्य स्तरीय डॉज बॉल प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कई सालों से सीहोर टीम जिला स्तरीय और राज्य स्तरीय डॉज बाल प्रतियोगिता में शानदार खेल का प्रदर्शन कर रही है। इसमें सबसे अहम प्रदर्शन करने वाली तनुश्री नागर को इस बार संभाग की कामन सौंपी गई है और मंदसौर में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कप्तान की भूमिका में नजर आएगी। प्रतियोगिता के लिए सीहोर से दो बालिका का चयन किया गया है।

रविवार को शहर में उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र मंघानी आदि ने स्वागत करते हुए रवाना किया गया। इस मौके पर तनुश्री के पिता राधेश्याम नागर और माताश्री भी मौजूद थे। इस मौके पर नव नियुक्त कप्तान ने बताया कि वह लगातार पांच सालों से डॉज बाल खेल के प्रति लगाव है। यह खेल बहुत ही खिलाड़ी को सक्रिय रखता है। वह लगातार तीसरी बार स्टेट के लिए खेल रही है। पूर्व में यह प्रतियोगिता गुना और देवास में किया गया था। देवास में राज्य स्तरीय डॉजबॉल प्रतियोगिता में सीहोर जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए बालिकाओं ने पहले उज्जैन और बाद में इंदौर को हरा कर फाइनल में स्थान पक्का किया, जिनका मुकाबला रविवार की सुबह देवास से हुआ। जिसमें बालिका टीम उप विजेता का स्थान प्राप्त किया। तनुश्री नागर किसी पहचान की मोहताज नहीं है, दो बार नेशनल टीम महाराष्ट्र और गुजरात में भी टीम के साथ अपनी खेल कला का शानदार प्रदर्शन किया है।



इससे पहले वह खो-खो और कबड्डी की प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन कर चुकी है। मंदसौर में कोच अर्पण कटरिया के साथ सीहोर जिले से तीन बालिका रविवार को रवाना हुई है।

## भारतीय सेना का हॉट एयर बैलून आष्टा पहुंचा, खेत में उतरा, विधायक ने जवानों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

आर्मी हॉट एयर बैलूनिंग अभियान के अंतर्गत भोपाल से पुणे तक के सफर पर अपने उद्देश्यों को लेकर भोपाल से आकाश में उड़ा भारतीय सेना का हॉट एयर बैलून रविवार को आष्टा पहुंचा और उक्त बैलून डाबरी के एक खेत में उतरा। जब उक्त बैलून को आष्टा व अन्य ग्रामों से गुजरते आकाश में देखा तो नागरिकों में कौतूहल का उत्साह का वातावरण बन गया। हर कोई इसे उतरते, उड़ते देखना चाह रहा था। जब उक्त बैलून डाबरी के एक खेत में उतरा तो उसे देखने वालों की भारी भीड़ जमा हो गई।

विधायक गोपालसिंह इंजीनियर के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं ने बायपास चौपाटी पहुंच कर होटल विश्वास पर उक्त अभियान दल के नेतृत्वकर्ता सेना के लेफ्टिनेंट कर्नल आशुतोष कुमार एवं सभी 30 सदस्यी जांबाज सैनिकों का साफा, हार एवं तिरंगा स्कार्फ पहना कर स्वागत सम्मान किया।




विधायक गोपालसिंह इंजीनियर को उक्त दल के वरिष्ठ सदस्यो ने बताया की उक्त अभियान भोपाल से पुणे तक का है,जो करीब 830 किमी का है। बैलून भोपाल से उड़ा ओर करीब 100 किमी का एयर मार्ग से सफर तय कर आष्टा पहुचा है। कल प्रातः ये आष्टा से उड़ कर हवा मार्ग से महू पहुचेगा ।आष्टा पहुचने पर भारतीय सेना के उक्त आमी हॉट एयर अभियान के दल के सभी सैनिक भाईयों को ठहरने,भोजन,चाय पानी,नास्ता आदि की व्यवस्था विधायक द्वारा की गई। आष्टा पहुंचे उक्त अभियान दल के सभी सैनिक सदस्यों का विधायक इंजीनियर के नेतृत्व में सुशील संचेती, धनरुपमल जैन,मानसिंह ठाकुर,अजबसिंह ठाकुर, जितेन्द्र सोलंकी, सौरभ जैन,अम्बाराम मालवीय, भजन गायक जीवनसिंह मालवीय आदि नेस्वागत सम्मान सेवा की।



## विद्यालय में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

**चापड़ा।** पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, कमलापुर में शुक्रवार को पालक–शिक्षक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के सभी कक्षा अध्यापकों ने उपस्थित पालकों को विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, कक्षा में उनके प्रदर्शन तथा अध्ययन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियाँ साझा कीं। प्राचार्य अनंत नागर ने पालकों से संवाद करते हुए बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में घर और विद्यालय दोनों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने पालकों से अनुरोध किया कि वे नियमित रूप से बच्चों की पढ़ाई पर ध्यान दें, समय–समय पर विद्यालय से संपर्क बनाए रखें तथा बच्चों को सकारात्मक वातावरण प्रदान करें।बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, व्यवहार, अध्ययन आदतों तथा शैक्षिक सुधारों पर विशेष चर्चा की गई। पालकों ने भी विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ अपने सुझाव साझा किए और विद्यालय द्वारा की जा रही विभिन्न शैक्षणिक पहलों की सराहना की।

### समान अधिकार यात्रा को लेकर श्री राजपूत करणी सेना की सभा आयोजित

# ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए: श्री करणी सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

श्री राजपूत करणी सेना द्वारा सर्व समाज के हितों को लेकर आगामी 14 दिसंबर 2025 को सोनकच्छ में समान अधिकार यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा विशेष रूप से ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीकर सेक्शन) श्रेणी के हितों, अधिकारों और समस्याओं के समाधान हेतु समाज में व्यापक जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित की जा रही है। यात्रा का शुभारंभ अन्नाज मंडी, सोनकच्छ (जिला देवास, मध्य प्रदेश) से दोपहर 1 बजे होगा। इस महत्वपूर्ण आयोजन को लेकर देवास के मल्हार स्मृति मंदिर परिसर में एक सभा आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं समाजजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

सभा में मुख्य अतिथि के रूप में किरण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना, जितेंद्र सिंह चौहान, प्रदेश प्रभारी, रेखा खुमान सिंह बैस, देवास जिलाध्यक्ष, महिला इकाई, केवल सिंह चावड़ा, धार जिलाध्यक्ष, किशोर सिंह राजपूत, जिलाध्यक्ष, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा रहे। सभा की अध्यक्षता विशाल सिंह रघुवंशी, कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष, श्री राजपूत करणी सेना ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह ने कहा कि यह आंदोलन सर्व समाज के अधिकारों की पुनःस्थापना का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भले ही केंद्र सरकार ने 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस आरक्षण लागू किया है, लेकिन मध्य प्रदेश में लागू कठोर शर्तें इसे वास्तविक लाभार्थियों तक पहुंचने से रोक रही हैं। उन्होंने कहा कि सामान्य वर्ग के पात्र परिवार जटिल प्रावधानों की वजह से वास्तविक लाभ से वंचित हैं। प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह चौहान ने अपनी बात रखते हुए करणी सेना की प्रमुख मांगों को विस्तार से रखते हुए कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया जाए। अन्य आरक्षित वर्गों की तरह प्रतियोगी परीक्षाओं में ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को 5 वर्ष की आयु सीमा छूट मिले। यूपीएससी सहित सभी परीक्षाओं में अतिरिक्त प्रयासों की अनुमति दी जाए। मेधावी विद्यार्थी योजना, आकांक्षा योजना, प्रसूति सहायता योजना जैसी राज्य योजनाओं में इडब्लूएस वर्ग को शामिल किया जाए।



#### यात्रा को ऐतिहासिक बनाने की तैयारी

अध्यक्षता कर रहे रघुवंशी ने बताया कि इस अभियान का नेतृत्व संगठन के पदाधिकारियों द्वारा एकजुटता के साथ किया जा रहा है। जारी पोस्टर के अनुसार, कार्यक्रम में श्री राजपूत करणी सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। यात्रा का उद्देश्य है कि समाज में समान अवसर मिले ईडब्लूएस वर्ग के लिए न्यायपूर्ण व्यवस्था की स्थापना हो। संगठन द्वारा जारी पोस्टर में 'चलो सोनकच्छ - चलो सोनकच्छ' के संदेश के साथ समाज के प्रत्येक सदस्य से अधिक से अधिक संख्या में भागीदारी करने की अपील की गई है। इस अवसर पर कल्याण सिंह दरबार, सौदान सिंह, सुरेंद्र सिंह गौड़, सत्यजीत सिंह चौहान, दिलीप सिंह झाला, सवाई सिंह, अमित राजपूत, प्रवीण राजपूत, चेतन दरबार अमोना, जय सिंह बिंजना सहित बड़ी संख्या में श्री राजपूत करणी सैनिक व समाज के वरिष्ठ जन मौजूद रहे।

## ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संगठन की नगर इकाई की बैठक आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

रविवार को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर द्वारा संगठन की नगर इकाई की बैठक आयोजित की गई। जिसमें ग्राहक जागरूकता से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत सीहोर के जिला अध्यक्ष वरिष्ठ एडवोकेट शिवप्रसाद दलोदरीया ने सभी उपस्थितजनों को खाद्य पदार्थों में मिलावट, डिजिटल क्राइम, धोखाधड़ी, स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल, एवं महिलाओं को सोशल नेटवर्किंग का उपयोग करते समय सजग रहने तथा सावधानी बरतने संबंधी विस्तृत चर्चा की गई।

इसके बाद उपाध्यक्ष मनीष राठौर के द्वारा सभी उपस्थित जनों को अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत की स्थापना एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई तथा विधि आयाम के जिला प्रमुख एडवोकेट मानसिंह सेन द्वारा ग्राहकों द्वारा क्रय की गई वस्तुओ की सेवा में कमी पाए जाने पर अनुतोष हेतु न्यायालय संबंधी प्रक्रिया से अवगत कराया गया। बैठक में संगठन के पर्यावरण आयाम से नीरज राजपूत,नगर कार्यकारिणी से संजय त्यागी, राहुल यादव, मुकेश यादव, रवि लोधी, अंकित राठौर, विजय सोनी, जितेंद्र यादव, मनोहर यादव, वरुण गौर, नीरज राठौर, शिवराज वर्मा, महिला आयाम से पलक यादव, कुसुम विश्वकर्मा, मानसी उपस्थित रहे।

## प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की उपायुक्त जाफरी ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 में जिस तरह से आवासों को पूर्ण कराया गया उसी तरह योजना 2.0 के लिए तैयार की गई 1178 हितग्राहियों की डीपीआर की संचालनालय से स्वीकृति प्राप्त होते ही त्वरित कार्रवाई करे। साथ ही 119 हितग्राहियों की सूची में दावे आपत्तियों का भी शीघ्रता से निराकरण कराया जाना सुनिश्चित करें।निगम सभागृह में प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 और 2.0 की कार्यप्रगति की आयोजित समीक्षा बैठक में उक्त निर्देश निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने तकनीकी अमले को दिए। प्रभारी कार्यपालन यंत्री जगदीश वर्मा ने बताया कि बैठक में सभी सातों डी.पी.आर.में लिंटल स्तर पर लंबित 51,छत स्तर पर लंबित 248 प्रकरणों को प्राथमिकता से निराकरण किया जाने हेतु कार्रवाई करने और मृत हितग्राहियों के प्रकरणों की जांच कर कार्रवाई पूर्ण के दिए निर्देश बैठक में दिए गए। उपायुक्त जाफरी ने ऐसे सात उपयांत्रियों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए जिन्होंने अपूर्ण आवासों पर करवाई नहीं की और प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित रखा है। बैठक में 103 हितग्राहियों की जिओ टैगिंग का कार्य एक सप्ताह की समयावधि में पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों के निराकरण के संबंध में भी चर्चा की गई।